भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 284

02 दिसंबर, 2025 को उत्तरार्थ

विषय: कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय में रिक्तियां

284. श्री बापी हलदरः

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय में विभिन्न श्रेणियों में आरक्षित पदों सहित स्वीकृत पदों, पदस्थ तथा रिक्त पदों की संख्या कितनी है;

(ख) वर्ष 2014 से मंत्रालय तथा विभाग में आरक्षित पदों सहित कितनी रिक्तियां हैं, इसका वर्षवार तथा श्रेणीवार ब्यौरा क्या है; और

(ग) वर्ष 2014 से संविदा पर रखे गए कर्मचारियों की संख्या कितनी है और वर्ष-वार तथा श्रेणी-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क) से (ख): यह मंत्रालय अखिल भारतीय, अन्य संगठित और सामान्य सिविल सेवाओं आदि से संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा संचालित है। यह मंत्रालय इन सेवाओं के संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारियों के नियुक्ति, स्थानांतरण और पदोन्नति संबंधी आदेशों का कार्यान्वयन करता है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय में कुल 1360 संस्वीकृत पदों में से 983 पद भरे हुए हैं।

वर्ष 2014 से रिक्तियों और कर्मचारियों की नियुक्ति के संबंध में, यह सूचित किया जाता है कि रिक्तियों का उत्पन्न होना और उनका भरा जाना एक सतत प्रक्रिया है। जब तक विभाग द्वारा संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारियों को सूचित रिक्तियां, आरक्षण मानदंडों/दिशानिर्देशों के अनुपालन में भरी जाती हैं, तब तक किसी कर्मचारी की सेवानिवृत्ति, त्यागपत्र, मृत्यु, पदोन्नति आदि के कारण कुछ नई रिक्तियां उत्पन्न हो जाती हैं।

(ग): कार्य की अनिवार्यता, संचालन पर बचत और अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण, संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) और कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) आदि सहित केंद्र सरकार की विभिन्न भर्ती एजेंसियों द्वारा रिक्तियों को भरे जाने तक या आवश्यकता बनी रहने तक, भारत सरकार के नियमों और विनियमों के अनुसार, संविदात्मक नियुक्तियों को एक निश्चित अवधि के लिए अस्थायी व्यवस्था के रूप में अपनाया जाता है।

*****